दिनांक–16 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक–दो हजार पच्चीस लोकसभा में हुआ प्रस्तुत। उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी बनाना है विधेयक का उद्देश्य।
- अयोध्या में टाटा समूह का **नमो कैंसर फाउंडेशन** स्थापित करेगा आधुनिक कैंसर चिकित्सालय हब। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट करेगा सहयोग।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में बढ़ती ठंड और कोहरे के चलते जन–जीवन हुआ प्रभावित। नोएडा में पन्द्रह फरवरी तक लागू की गई नई स्पीड लिमिट्स।
- बस्ती जिले के बस्ती–लुम्बिनी मार्ग पर यात्रियों से भरी एक बस ट्रक से टकरायी। तीन की मौत दर्जनों घायल।

**********

लोकसभा में कल विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक– दो हजार पचीस पेश किया गया। इसे संसद की संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉक्टर धर्मेंद्र प्रधान ने विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी संस्थान बनने में सुविधा प्रदान करना है।

***इस विधेयक का उद्देश्य विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र, स्वशासी संस्थान बनाने में सुविधा देने और उत्कृष्टता, सुदृढ़ और पारदर्शी प्रणाली को बढ़ावा देना है।***

विपक्षी दलों ने सदन में विधेयक का विरोध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कार्य सलाहकार समिति की बैठक में कई सांसदों ने विधेयक पर व्यापक विचार–विमर्श पर जोर दिया।

**********

अयोध्या में टाटा समूह का नमो कैंसर फाउंडेशन एक आधुनिक कैंसर चिकित्सालय हब स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस सिलसिले में टाटा समूह के छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या पहुंचकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और संभावनायें परखीं। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस सिलसिले में नमो फाउंडेशन की मदद करेगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट राम मंदिर निर्माण के साथ–साथ श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। श्री मिश्र ने बताया कि कैंसर अस्पताल हब बनाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गयी है।

***सूर्यकुंड के पास उसका जो नामकरण समझे या क्लासिकेशन वर्गीकरण जो है वह कृषि भूमि है तो सरकार से भी इसके बारे में प्रयास करना होगा कि क्या हम उसको इस सुविधा के लिए उसका नामांतरण बदल सकते हैं या इस्तेमाल उपयोग बदल सकते हैं।***

**********

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि सरकार हवाई किरायों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत करेगी। राज्यसभा में कल प्रश्नकाल के दौरान श्री नायडू ने बताया कि घरेलू मार्गों के साथ अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के किराये की भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किरायों में बढ़ोत्तरी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

**********

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने कल नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। नबीन पार्टी के इतिहास में सबसे युवा कार्यकारी अध्यक्ष हैं और बिहार से इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले भाजपा नेता हैं। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा पूर्व भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें बधाई दी।

**********

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–एसआईआर का क्रम जारी है। राज्य के सभी जिलों में एसआईआर अभियान को पूरा करने के लिये बीएलओ, बीएलए और राजनीतिक दल के एजेंट्स सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं। इस सिलसिले में अमरोहा में कल सभी बूथ लेवल अधिकारियों और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त एजेंट्स के साथ बैठक आयोजित की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा है कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार कराना सभी नागरिकों की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया है।

***आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद अमरोहा में एसआईआर का जो पब्लिकेशन होगा उसकी डेट 26 दिसंबर तक एक्सटेंड कर दी गई है। कोई भी व्यक्ति अभी भी अगर छूटा हो अपना फॉर्म नहीं जमा कर आया हो तत्काल अपने बीएलओ से संपर्क करें और फॉर्म जो है वह हार्ड कॉपी में भी दे सकता है या ऑनलाइन माध्यम से भी वह जमा कर सकता है। एक बैठक 17 तारीख को आयोजित की जाएगी जिसमें बीएलए भी अपना फीडबैक दे सकता है और अगर कोई भी व्यक्ति छूटा हुआ है और उसका फॉर्म भरा नहीं है उस फॉर्म को भी वह बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में ठंड और कोहरे का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। रात से लेकर सुबह तक पड़ने वाले कोहरे से कई जिलों में लोगों का जीवन प्रभावित होने लगा है। बीते कुछ दिनों में तराई वाले जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। गौतमबुद्ध नगर में सुबह घने कोहरे के मद्देनज़र यातायात पुलिस ने पन्द्रह फरवरी तक नई स्पीड लिमिट्स लागू कर दी हैं। कई जिलों में ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट होने और कोहरा पड़ने का सिलसिला अगले तीन चार दिन तक जारी रहेगा। दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में तेजी से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान है।

**********

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत तमिलनाडु का आध्यात्मिक समूह कल बनारस पहुंचा। इस दौरान दल के सदस्यों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान कर के हनुमान घाट स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन पूजन किया। दल को प्राचीन मंदिरों के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई, बाद में यह समूह सुब्रमण्यम भारती के घर गया जहां उनके परिजनों से मुलाकात की और पुस्तकालय भी देखा। कांची मठ के भ्रमण के दौरान दक्षिण भारती मंदिर को देखकर यह दल खासा उत्साहित दिखा। काशी–तमिल संस्कृति का जिक्र करते हुए आध्यात्मिक समूह ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए ताकि एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सके। कल शाम को काशी–तमिल संगमम के अन्तर्गत नमो घाट पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। उत्तर–मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज, दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र तंजावूर और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया।

**********

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने निजी हज यात्रियों को सलाह दी है कि वह दो हजार छब्बीस में हज पर जाने के लिये जल्द आवेदन करें। इसके लिये सिर्फ अधिकृत हज समूह आयोजकों का ही चयन करें। मंत्रालय ने सऊदी अरब के हज और उमरह मंत्रालय द्वारा हज–दो हजार छब्बीस के संबंध में जारी परामर्श के मद्देनज़र लोगों को निर्देश दिया है कि अगले महीने की पन्द्रह तारीख या उससे पहले अपनी बुकिंग संबंधी औपचारिकताएं जरूर पूरी कर लें।

**********

राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार और पूर्व सांसद डॉक्टर राम विलास दास वेदांती का कल मध्य प्रदेश के रींवा में निधन हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि डॉ. वेदांती का निधन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डॉक्टर वेदांती के निधन पर दुख जताते हुए उन्हें धार्मिक और राजनीतिक जीवन में शुचिता का प्रतीक बताया है।

***वेदांती जी का पूरा जीवन सनातन संस्कृति को समर्पित रहा है। उन्होंने देश और प्रदेश की सेवा भी की है। लोकसभा में लंबे समय तक रहे हैं। सुचिता पारदर्शिता पूर्ण जनसेवा उनका ध्येय था और उन्होंने हमेशा जमीन से जुड़कर के गरीबों की मदद के लिए हमेशा वह खड़े रहे। मैं उनके दुखी परिजनों को दुख की घड़ी में हम सब लोग उनके साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।***

**********

बस्ती जिले के बस्ती–लुम्बिनी मार्ग पर हरदिया चौराहे के पास कल देर रात एक ट्रक और यात्रियों से भरी बस की आमने–सामने की टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी जबकि दर्जनों यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये जिला चिकित्सालय भेजा गया। वहां के पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने बताया कि सभी बस सवार संतकबीर नगर के बेलहर कला से अजमेर शरीफ जा रहे थे। बस में कुल साठ यात्री सवार थे।

**********

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रहे टी–20 मैचों की सीरीज का चौथा क्रिकेट मैच कल लखनऊ में खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन–यूपीसीए से मिली जानकारी के अनुसार इस मुक़ाबले के लिए दोनों टीमें कल पहुंच गईं। आज दोनों टीमें मुकाबले के लिये पूर्वाभ्यास करेंगी।

**********